हरि इच्छा भावी बलवाना हृदय बिचारत शम्भु सुजाना
तब शंकर प्रभु पद सिरु नावा सुमिरत रामु हृदय अस आवा
एहि तन सतिहि भेट मोहि नाहीं शिव संकल्पु कीन्ह मन माही
|| मानस शिव संकल्प || Ram Katha 976– Gujrat || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 277 | इंदौर, शुक्रवार 24 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# मध्यप्रदेश बनेगा विमानन और लॉजिस्टिक्स का प्रमुख केंद्र : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## वर्ष 2030 तक प्रदेश की विमानन क्षमता में होगा व्यापक विस्तार

### अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण से विमानन क्षेत्र को मिल रही नई गति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश विमानन क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द मोदी के 'उड़ान' विजन को साकार करते हुए प्रदेश को उत्कृष्ट विमानन केंद्र और लॉजिस्टिक्स हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। वर्ष 2030 तक यात्री क्षमता 5.5 मिलियन से बढ़ाकर 10 मिलियन प्रति वर्ष तथा माल कार्गो क्षमता 20 हजार मीट्रिक टन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।प्रदेश में विमानन अधोसंरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है। इंदौर-देवास-उज्जैन क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के साथ एयरपोर्ट सिटी विकसित की जाएगी। यह परियोजना पीपीपी मॉडल पर आधारित होगी, जिससे निवेश, व्यापार और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट पॉलिसी के माध्यम से निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है, जिससे प्रदेश में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं विकसित होंगी और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।



#### धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक पहुंच हुई सुलभ

मध्यप्रदेश आस्था, अध्यात्म और अनुपम शिल्पकला का संगम है। उज्जैन के श्री महाकाल लोक, ओंकारेश्वर के एकात्म धाम, खजुराहो की ऐतिहासिक धरोहर और ओरछा-चित्रकूट की आस्थाएँ जन-मानस में रची-बसी हैं। इन स्थलों तक सहज पहुँच सुनिश्चित करने के लिए 'पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा' और 'धार्मिक पर्यटन हेली सेवा' प्रभावी माध्यम बन रही हैं। वर्तमान में यह सेवा प्रदेश के 8 प्रमुख केंद्रों— भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, सिंगरौली और खजुराहो को आपस में जोड़कर श्रद्धा और पर्यटन को नए पंख लगा रही है। हाल ही में ओरछा और चित्रकूट जैसे पावन धामों के लिए प्रारंभ हुई हेली सेवा ने श्रद्धालुओं के लिए 'हरि-हर-दर्शन' कीको और भी सरल, सुखद और स्मरणीय बना दिया है।

#### तहसील स्तर तक हो रहा हवाई सेवाओं का विस्तार

प्रदेश में विमानन क्षेत्र को विकेंद्रीकृत करते हुए हवाई सुविधाओं को तहसील स्तर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। हवाई सेवाएं केवल बड़े शहरों तक सीमित न रहें, बल्कि हर क्षेत्र तक पहुंचें। इसी दृष्टि से प्रत्येक तहसील ब्लॉक में हेलीपैड विकसित करने की योजना है। प्रदेश में हर 150 किलोमीटर पर एक कॉमर्शियल एयरपोर्ट, 75 किलोमीटर पर एयरस्ट्रिप और 45 किलोमीटर के दायरे में हेलीपैड विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह व्यवस्था आपातकालीन सेवाओं को मजबूत करेगी और दूरस्थ क्षेत्रों के आर्थिक विकास को नई गति देगी।

#### क्षेत्रीय हवाई संपर्क से छोटे शहरों को मिली विकास की उड़ान

विगत दो वर्षों में मध्यप्रदेश ने हवाई सेवाओं के विस्तार में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। दतिया प्रदेश के 8वें हवाई अड्डे के रूप में अपनी सेवा दे रहा है। रीवा, सतना और दतिया की सफलता के बाद अब शिवपुरी और उज्जैन में भी नए हवाई अड्डों की तैयारी तेजी से चल रही है। रीवा हवाई अड्डा पूरे विंध्य क्षेत्र के लिए विकास का नया इंजन बन चुका है। यह न केवल सीमेंट और बिजली उत्पादन केंद्रों के लिए मददगार साबित हो रहा है, बल्कि मुकुंदपुर टाइगर सफारी जैसे पर्यटन केंद्रों तक पर्यटकों की पहुँच को भी आसान बना रहा है। इसी कड़ी में हम चित्रकूट और मैहर जैसे आस्था के बड़े केंद्रों को भी बेहतर हवाई नेटवर्क से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।

#### यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं पर विशेष ध्यान

हवाई यात्रा में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश के हवाई अड्डे सेवा और गुणवत्ता के वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित हो रहे हैं।इंदौर का देवी अहिल्याबाई होल्कर अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा 'एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी' सर्वे में 4.90 स्कोर के साथ 16 एशियाई हवाई अड्डों में छठे स्थान पर रहा है। वहीं भोपाल के राजा भोज अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 24 घंटे संचालन शुरू किया गया है। प्रदेश के सभी हवाई अड्डों पर सुरक्षित, सुगम और बेहतर यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

#### नागर विमानन नीति-2025 से निवेश और रोजगार को बढ़ावा

प्रदेश की सिविल एविएशन पॉलिसी-2025 विमानन क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस नीति का उद्देश्य प्रदेश में विमानन अधोसंरचना को मजबूत करना, निजी निवेश को आकर्षित करना और युवाओं के लिए नए रोजगार अवसर सृजित करना है।नीति के तहत प्रदेश की 11 हवाई पट्टियों को उड़ान प्रशिक्षण (FTO) और अन्य व्यावसायिक विमानन गतिविधियों के लिए निजी भागीदारी से विकसित किया जा रहा है। इनमें सिवनी, सागर, गुना, रतलाम, उज्जैन, बालाघाट, उमरिया, छिंदवाड़ा, मंदसौर, नीमच और शिवपुरी शामिल हैं। इससे इन क्षेत्रों में आधुनिक सुविधाओं का विकास होगा।

मध्यप्रदेश में पायलट ट्रेनिंग और एविएशन एजुकेशन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही प्रदेश विमानन क्षेत्र में एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभरेगा। नीति के क्रियान्वयन से युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। इसके साथ ही प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

मध्यप्रदेश की भौगोलिक स्थिति इसे देश के 'हृदय प्रदेश' के रूप में विशेष बनाती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के 'गति शक्ति' विजन और 'रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम' के साथ राज्य की नीतियों का समन्वय प्रदेश को लॉजिस्टिक्स और एविएशन हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विमानन क्षेत्र का यह विस्तार किसानों, व्यापारियों, युवाओं और पर्यटकों के लिए नए अवसर सृजित कर रहा है।

# 90 फाइटर जेट लेकर ईरान के सिर पर सवार हुआ 'USS बुश'

## क्या कहर बरपाने की तैयारी में हैं ट्रंप?



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपनी सैन्य ताकत और मजबूत कर दी है. उसका तीसरा परमाणु ऊर्जा से चलने वाला विशाल एयरक्राफ्ट कैरियर USS जॉर्ज एच. डब्ल्यू. बुश (CVN-77) अब मिडिल ईस्ट क्षेत्र में पहुंच गया है. यह कैरियर अफ्रीका के दक्षिणी छोर (केप ऑफ गुड होप) से घूमकर आया है, ताकि लाल सागर के खतरनाक रास्ते से बच सके. अब इस क्षेत्र में अमेरिका के पास तीन बड़े एयरक्राफ्ट कैरियर हो गए हैं. इससे अमेरिकी नौसेना की हवाई ताकत, हमला करने की क्षमता और क्षेत्र में नियंत्रण बहुत बढ़ जाएगा. यह अमेरिकी नौसेना का निमित्ज़ क्लास का 10वां और आखिरी सुपर कैरियर है. यह 2009 में सेवा में आया था. इसका नाम अमेरिका के 41वें राष्ट्रपति जॉर्ज एच. डब्ल्यू. बुश के नाम पर रखा गया है. यह एक फ्लोटिंग एयरबेस की तरह काम करता है, जो बिना किसी विदेशी आधार के हजारों किलोमीटर दूर से भी हवाई हमले कर सकता है. यह कैरियर परमाणु ऊर्जा से चलता है, इसलिए इसे ईंधन भरने की जरूरत बहुत कम पड़ती है. यह कई सालों तक लगातार समुद्र में रह सकता है.

# नरवणे बोले- चीन गतिरोध में सरकार ने अकेला नहीं छोड़ा

## राहुल का दावा था- पीएम पूर्व आर्मी चीफ से बोले थे जो उचित समझो, करो

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पूर्व आर्मी चीफ चीफ जनरल एमएम नरवणे ने गुरुवार को कहा कि 2020 में चीन के साथ गतिरोध में सरकार ने सेना को अकेला नहीं छोड़ा था। सरकार पूरी तरह से सपोर्ट में थी और पूरा अधिकार दिया था कि हालात बिगड़ने पर चीनी सैनिकों पर गोलियां चला सकें। जनरल नरवणे ने गुरुवार को कुछ चैनल्स को दिए इंटरव्यू में अपनी किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' से जुड़े विवादों पर बात की। इंडिया टुडे से बातचीत में कहा, 'जो उचित समझो वह करो' टिप्पणी सशस्त्र बलों पर सरकार के पूरे भरोसे को दर्शाती है और इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। जमीनी स्थिति का जवाब देने के लिए सशस्त्र बलों को फ्री हैंड दिया गया था। दरअसल, राहुल गांधी ने 2 और 3 फरवरी को संसद में नरवणे की किताब 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' का हवाला देकर चीन घुसपैठ और अग्निवीर योजना का रिव्यू का मुद्दा उठाया था। इसके बाद उन्होंने दावा किया था कि सरकार ने सेना को अकेला छोड़ दिया था। इसके बाद वे किताब लेकर भी संसद पहुंचे थे।



## कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

**मध्यप्रदेश डोमेस्टिक एंड इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मामलों के निराकरण एक प्रभावी एवं आधुनिक माध्यम है - न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा मुख्य न्यायाधिपति**

**यह सेंटर प्रदेश को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएगा - न्यायमूर्ति श्री विजय कुमार शुक्ला, प्रशासनिक न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर**

# मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में मध्यप्रदेश डोमेस्टिक एंड इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर का लोकार्पण हुआ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्यप्रदेश डोमेस्टिक एंड इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर का लोकार्पण उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर परिसर में मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा मुख्य न्यायाधिपति, उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा किया गया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति श्री विवेक रुसिया प्रशासनिक न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर, न्यायमूर्ति श्री विजय कुमार शुक्ला प्रशासनिक न्यायाधिपति, उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर विशेष रूप से उपस्थित रहे।**

लोकार्पण कार्यक्रम में न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा मुख्य न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने कहा कि आर्बिट्रेशन उनका पसंदीदा विषय है तथा यह घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मामलों के निराकरण का एक प्रभावी एवं आधुनिक माध्यम है। उन्होंने उल्लेख किया कि इंदौर व्यापारिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध शहर है, जहाँ अनेक प्रतिष्ठित व्यापारिक संस्थान एवं औद्योगिक इकाइयाँ कार्यरत हैं। ऐसी परिस्थिति में यह आर्बिट्रेशन सेंटर भविष्य में इंदौर को एक प्रमुख आर्बिट्रेशन हब के रूप में स्थापित करने की क्षमता रखता है।

न्यायमूर्ति श्री संजीव सचदेवा मुख्य न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने कहा कि वर्तमान में यह केंद्र एक हाल, डायरेक्टर चैम्बर एवं कार्यालय कक्ष के साथ प्रारम्भ किया जा



रहा है, किन्तु भविष्य में इसके इन्फ्रास्ट्रक्चर, तकनीकी संसाधनों एवं मानव संसाधन (मैन पावर) को क्रमशः सुदृढ़ एवं विस्तारित किया जाएगा, जिससे यह केंद्र अधिक व्यवस्थित, सक्षम एवं प्रभावी रूप में विकसित हो सके।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति श्री विजय कुमार शुक्ला, प्रशासनिक न्यायाधिपति मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ, इंदौर ने कहा कि प्रदेश का प्रथम आर्बिट्रेशन सेंटर जबलपुर में प्रारंभ हुआ था और अब इंदौर में द्वितीय आर्बिट्रेशन सेंटर का शुभारंभ होना न्यायिक व्यवस्था के आधुनिकीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस प्रकार के अत्याधुनिक आर्बिट्रेशन सेंटर की स्थापना समय की आवश्यकता है, जो विवादों के शीघ्र एवं विशेषज्ञ समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा प्रदेश को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएगा।

लोकार्पण कार्यक्रम में न्यायमूर्ति श्री विवेक रुसिया प्रशासनिक न्यायाधिपति, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर, न्यायमूर्ति श्री सुबोध अभ्यंकर, न्यायमूर्ति श्री प्रणय वर्मा, न्यायमूर्ति श्री संदीप एन. भट्ट, न्यायमूर्ति श्री विनय सराफ, न्यायमूर्ति श्री बिनोद कुमार द्विवेदी, न्यायमूर्ति श्री गजेन्द्र सिंह, न्यायमूर्ति श्री पवन कुमार द्विवेदी, न्यायमूर्ति श्री आलोक अवस्थी, पूर्व न्यायमूर्ति श्री आई एस श्रीवास्तव, अस्सिटेंट सॉलीसिटर जनरल श्री सुनील जैन, अतिरिक्त महाधिवक्ता श्री सोनल गुप्ता, अर्बीट्रेटर्स, प्रिंसिपल रजिस्ट्रार श्री अनूप कुमार त्रिपाठी, विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी श्री नीरज मालवीय, अध्यक्ष उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ श्री मनीष यादव, सचिव उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ श्री मनीष गढ़कर, अतिरिक्त महाधिवक्तागण, वरिष्ठ अधिवक्तागण, सदस्य राज्य अधिवक्ता परिषद के उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी गण व अधिवक्तागण, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी गण, उच्च न्यायालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

**गौ माता को 'राष्ट्रमाता' का दर्जा दिलाने इंदौर में हुंकार**

## संतों की मौजूदगी में रणजीत हनुमान से निकली भव्य जागरुकता रैली



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भारतीय संस्कृति की आधार 'गौमाता' को सम्मान और संरक्षण दिलाने के लिए इंदौर के धर्मप्रेमियों और संतों ने निर्णायक संघर्ष का बिगुल फूंक दिया है। 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत रणजीत हनुमान मंदिर से जन-जागरूकता वाहन रैली निकाली गई, जिसमें संतों की ओजस्वी उपस्थिति और गौ-भक्तों का भारी सैलाब उमड़ा।

अभियान को नेतृत्व प्रदान कर रहे कृष्णायन गौशाला (हरिद्वार) के पूज्य स्वामी अच्युतानंद जी महाराज पूज्य स्वामी गोपालाचार्य गोपालानंद सरस्वती जी और स्वामी रामगोपाल दास जी महाराज की गरिमामयी मौजूदगी में रैली का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विश्वम के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी के साथ मनोज तिवारी,संजय कटारिया,अभिषेक उदेनिया एवं संगठन के समस्त पदाधिकारी प्रमुख रूप से शामिल हुए।

पत्रकारो से चर्चा के दौरान संतों ने दो टूक शब्दों में कहा कि अब समय आ गया है जब गौमाता को 'राष्ट्रमाता' का दर्जा दिया जाए। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि गौ रक्षा के लिए एक सख्त केंद्रीय कानून बनाया जाए, जिसमें गौ-तस्करी और गौ-हत्या करने वालों के लिए आजीवन कारावास का कड़ा प्रावधान हो।

रणजीत हनुमान मंदिर से शुरू हुई यह वाहन रैली महूनाका, राजमोहल्ला, बड़ा गणपति, मल्हारगंज, राजवाड़ा और रीगल चौराहा होते हुए मालवा मिल पर समाप्त हुई। रैली में सैकड़ों दोपहिया वाहनों के साथ गौमाता का रथ और डीजे गाड़ियां शामिल थीं। पूरा मार्ग 'गौ माता की जय' के जयकारों से गूंज उठा।

27 अप्रैल को इंदौर सहित देश की सभी 5410 तहसीलों में 'गौ सम्मान दिवस' मनाकर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के नाम 5 करोड़ 95 लाख 10 हजार हस्ताक्षरों वाले प्रार्थना पत्र सौंपे जाएंगे।

दिल्ली में महापड़ावः यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो 27 फरवरी 2027 को देश के 800 जिलों से लाखों गौभक्त दिल्ली में एकत्रित होंगे।

अहिंसक संकीर्तनःयह आंदोलन गैर-राजनीतिक होगा, जिसमें 6 माह तक शांतिपूर्ण 'गौ संकीर्तन' चलेगा।

# बाल श्रम उन्मूलन व बंधक श्रम रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बाल एवं कुमार श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 तथा बंधक श्रम पद्धति (उन्मूलन) अधिनियम 1976 के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं जिला स्तरीय समिति की संयुक्त बैठक का आयोजन जिला पंचायत सभागृह, इंदौर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, श्री सिद्धार्थ जैन द्वारा की गई।**



बैठक में सहायक श्रमायुक्त श्रीमती राखी जोशी ने वर्ष 2025-26 के दौरान जिले में बाल श्रम एवं बंधक श्रम से संबंधित अधिनियमों के अंतर्गत की गई कार्यवाहियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से इन मामलों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

बैठक में पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विशेष किशोर पुलिस इकाई, बाल कल्याण समिति, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा चाइल्ड लाइन के सदस्य उपस्थित रहे। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए गए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जैन ने बाल एवं कुमार श्रम अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में बाल श्रम को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने संविदा श्रम (विनियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970 के अंतर्गत सभी ठेकेदारों का पंजीयन अनिवार्य रूप से कराने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त तहसील महू में क्षेत्रीय निरीक्षक को अंतर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार अधिनियम 1979 के तहत पंजीयन की कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा इस संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश भी प्रदान किए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बाल श्रम एवं बंधक श्रम उन्मूलन हेतु सतत निगरानी, नियमित निरीक्षण एवं जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि जिले को इन कुप्रथाओं से मुक्त किया जा सके।

# श्री धरणीधर पार्श्वनाथ जिनालय का 12वां वर्षगांठ महोत्सव आज , उत्साह के साथ होगा ध्वजारोहण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर। हाई लिंक सिटी स्थित पार्श्व कल्प तरु धाम में निर्मित श्री धरणीधर पार्श्वनाथ जिनालय की 12वीं वर्षगांठ शुक्रवार, 24 अप्रैल को भक्तिभाव के साथ मनाई जाएगी। मातृ हृदय अमित गुणा श्रीजी महाराज साहब की प्रेरणा से आयोजित इस गरिमामय समारोह में समाज के कई प्रबुद्ध जन सम्मिलित होंगे।**

अध्यक्ष पुंडरीक पलरेचा ने बताया कि प्रातःकाल से शुरू होंगे अनुष्ठान आयोजन समिति के अनुसार, वर्षगांठ के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत प्रातः 6:45 बजे मूलनायक भगवान श्री धरणीधर दादा के अभिषेक के साथ होगी। इसके पश्चात प्रातः 7:00 बजे से ब्रास पूजा, केसर पूजा, पुष्प पूजा और मुकुट पूजा के विधान बोलियों के माध्यम से संपन्न किए जाएंगे। महोत्सव का मुख्य आकर्षण प्रातः 8 बजे होने वाला भव्य ध्वजारोहण समारोह होगा।

इस अवसर पर विजय मेहता, मनीष सुराणा, संजय मोगरा, शांतु पालरेचा, दीपेश-मोना कोठारी, अरविंद डोसी, सिद्धांत जैन, अर्पित मारू, दीपक सुराणा, सुरेश लोढ़ा, दिलीप ख़िमेसरा, अनिल महाराजा, प्रदीप जैन, विशाल बम, सुरेश बोथरा, पियूष संघवी और आनंद भंसाली सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि इसी पावन तिथि पर दादा गद्दी नशीन हुए थे। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालु सदस्यों अभिषेक, पूजा और ध्वजारोहण के साक्षी बनेंगे और धर्म लाभ प्राप्त करेंगे

# अवंतिका गैस लाइन डालने के लिए की गई खुदाई ने ट्रैफिक व्यवस्था को पूरी तरह बिगाड़ दिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चाणक्यपुरी चौराहे पर नर्मदा और अवंतिका गैस लाइन डालने के लिए की गई सड़क खुदाई ने ट्रैफिक व्यवस्था को पूरी तरह बिगाड़ दिया है। पिछले करीब 15 दिनों से यहां रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। गुरुवार सुबह भी हालात ऐसे बने कि वाहन चालकों को करीब एक से डेढ़ घंटे तक जाम में फंसे रहना पड़ा।**

जाम का असर स्कूली बच्चों पर भी पड़ा। कई स्कूल बसें समय पर नहीं पहुंच सकीं, जबकि ई-रिक्शा और दोपहिया वाहन आपस में फंसते नजर आए। सूचना मिलने के बाद जोन-4 के डीसीपी आनंद कल्यादगी, एसीपी शिवेंद्र जोशी और ट्रैफिक अफसर मौके पर पहुंचे। उन्होंने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। पुलिस ने ठेकेदार से खुदाई और अनुमति को लेकर जवाब मांगा। अन्नपूर्णा पुलिस ठेकेदार को अपने साथ थाने ले गई, जहां अनुमति से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है। एडिशनल डीसीपी संतोष कौल



ने कहा कि अवंतिका गैस एजेंसी ने गैस पाइप लाइन डालने के लिए पूरा चौराहा खोद रखा है। अब जांच कर रहे हैं कि यह खुदाई की अनुमति थी या नहीं। अनुमति नहीं हुई तो संबंधित एजेंसी पर एफआईआर करवाएंगे। राजेंद्र नगर ब्रिज से लेकर तालाब क्षेत्र तक और केसरबाग ब्रिज से गोपुर चौराहे तक सैकड़ों वाहन फंसे रहे। अन्नपूर्णा रोड पर क्रोमा शोरूम से हनुमान मंदिर तक सड़क खुदी पड़ी है, वहीं गणेश मंदिर के पास बीच सड़क में बड़ा गड्ढा बना हुआ है। यह खुदाई अवंतिका गैस और नर्मदा लाइन डालने के लिए की गई है, लेकिन काम के कारण ट्रैफिक डायवर्जन या वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ट्रैफिक एसीपी जगदीश पाटिल ने करीब 15 दिन पहले ही अवंतिका गैस कंपनी को जाम की समस्या को लेकर आगाह किया था। इसके बावजूद कंपनी ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। सुबह और शाम के पीक आवर में यहां ट्रैफिक का दबाव काफी अधिक रहता है, जिससे स्थिति और खराब हो रही है।

## मेट्रो लाइन के नीचे लगे अवैध होर्डिंग्स हटाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अवैध होर्डिंग्स को लेकर विरोध के बाद नगर निगम एक्शन मोड में आ गया है। गुरुवार को निगम की टीम ने बापट चौराहे से विजय नगर चौराहे तक मेट्रो लाइन के नीचे डिवाइडर पर लगे होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई की।**

पिछले माह एमआईसी मेंबर और जनकार्य समिति प्रभारी राजेंद्र राठौर ने मेट्रो लाइन के नीचे बड़ी संख्या में होर्डिंग्स को लेकर आपत्ति ली थी। प्राथमिक जांच में पता चला कि ये होर्डिंग्स नगर निगम की अनुमति के बिना लगाए गए थे, जिससे न सिर्फ नियमों का उल्लंघन हुआ बल्कि निगम का राजस्व का नुकसान भी हुआ। राजेंद्र राठौर ने मौके पर पहुंचकर इन होर्डिंग्स का विरोध किया था। उनका कहना था कि सार्वजनिक स्थानों का इस तरह दुरुपयोग करना और बिना अनुमति विज्ञापन लगाना नियमों की खुली अनदेखी है।

जानकारी के मुताबिक ये सभी बोर्ड एक निजी एजेंसी द्वारा लगाए गए थे। होर्डिंग्स हटाने की कार्यवाही के बाद राजेंद्र राठौर ने कहा कि यह तो शुरुआत है। आगे भी इस तरह की अनियमितताओं के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि शहर की सुंदरता और नियमों का पालन सुनिश्चित करना प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की संयुक्त जिम्मेदारी है।

## लेंसकार्ट शोरूम के बाहर तोड़े चश्मे

### ड्रेस कोड नीति के खिलाफ वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन का प्रदर्शन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लेंसकार्ट की ड्रेस कोड नीति को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। इसी मुद्दे को लेकर वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन मध्य प्रदेश ने इंदौर में कंपनी के शोरूम के बाहर प्रदर्शन करते हुए पूर्ण बहिष्कार का ऐलान किया।**




स्कीम-54 स्थित लेंसकार्ट शोरूम के बाहर हुए इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए, जिनमें महिलाएं भी मौजूद रहीं। प्रदर्शनकारियों ने महिला कर्मचारियों को तिलक लगाया और कहा कि वे बिना किसी डर के अपने धार्मिक प्रतीकों के साथ काम करें।

इस दौरान कुछ प्रदर्शनकारियों ने लेंसकार्ट के चश्मों का बहिष्कार करते हुए उन्हें तोड़कर विरोध दर्ज कराया। कार्यक्रम में सिद्धेश्वर धाम के पीठाधीश्वर स्वामी अतुल आनंद महाराज भी मौजूद रहे और उन्होंनेप। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने आरोप लगाया कि कंपनी की आंतरिक नीति में कर्मचारियों को बिंदी, तिलक और कलावा जैसे हिंदू धार्मिक प्रतीकों के उपयोग पर रोक लगाई गई है, जबकि हिजाब को अनुमति दी गई है। उन्होंने इसे धार्मिक भेदभाव बताते हुए कड़ा विरोध जताया।

संजय अग्रवाल ने कहा कि यदि एक धर्म के प्रतीकों को अनुमति दी जा सकती है, तो अन्य धर्मों के प्रतीकों पर रोक लगाना उचित नहीं है। उन्होंने गुरुवार को इंदौर के सभी लेंसकार्ट शोरूम पर प्रदर्शन और पूरे मध्य प्रदेश में कंपनी के उत्पादों के बहिष्कार की घोषणा की। फेडरेशन की महिला प्रदेश अध्यक्ष सुनीता जायसवाल के साथ अन्य महिलाओं ने भी कंपनी की इस नीति के खिलाफ जमकर विरोध जताया और चेतावदी दी कि अगर कंपनी ने नीति में बदलाव नहीं किया तो उग्र प्रदर्शन करेंगे। देशभर में विवाद बढ़ने पर कंपनी के संस्थापक व सीईओ पीयूष बंसल ने सफाई देते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल दस्तावेज पुराना है और वर्तमान नीति में किसी भी धार्मिक प्रतीक पर कोई प्रतिबंध नहीं है। कंपनी ने नई स्टाइल गाइड जारी कर स्पष्ट किया कि बिंदी, तिलक, सिंदूर, कलावा, मंगलसूत्र, हिजाब और पगड़ी सहित सभी धार्मिक एवं सांस्कृतिक प्रतीकों की अनुमति है। साथ ही भ्रम के लिए खेद भी व्यक्त किया।

## अभिव्यक्ति सांस्कृतिक मंच के राष्ट्रीय सहसचिव बने नीमा

### समय समय पर रचनात्मक व सामाजिक जनजागरण की मुहिम की शुरुआत सदस्यों ने की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सामाजिक जनजागरण व रचनात्मक कार्यों की सूची में अभिव्यक्ति सांस्कृतिक मंच ने भी अपनी भूमिका तय की। कल एक निजी रेस्टोरेंट में संस्था के सदस्यों व पदाधिकारीयो की मीटिंग हुई। जिसमें देश के अलग अलग शहरों से आये महानुभावों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये व आने वाले समय में कार्यो की रूपरेखा बनाई व आपसी सहयोग से होने वाले जन सेवा व रचनात्मक कार्यों की फेहरिस्त तैयार की जिसमे भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए सकोरे वितरण, कलाकारों व प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को उचित मंच प्रदान करना ,प्रावीण्य सूची में उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को सम्मानित करना व जनजागरण मुहिम चला कर सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जनता में जागरूकता का संदेश देना आदि विषयों पर मंत्रणा हुई। इस दौरान भोपाल के राजेन्द्र जी गुप्ता को राष्ट्रीय महासचिव,ग्वालियर के जीवन खंडेलवाल को कोषाध्यक्ष, रश्मि जी साहू को प्रचार मंत्री व प्रमुख हिन्दी अखबार 'आदित्य की आवाज़ ' के पत्रकार सचिन नीमा को राष्ट्रीय सहसचिव मनोनीत किया गया।सभी सदस्यों ने एकदूसरे को शुभकामनाए दी आभार शैलेन्द्र जी कुमावत ने माना।



### 67 प्रतिभागियों को पीछे छोड़ हासिल किया खिताब

## डॉ. इशिता जोशी ने जीता 'प्रिंसेस' क्राउन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गोवा में आयोजित प्रतिष्ठित ब्यूटी पेजेंट "नारी फर्स्ट ज्वेल ऑफ इंडिया' में इंदौर की गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. इशिता जोशी ने 'प्रिंसेस कैटेगरी' का खिताब अपने नाम कर शहर का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में देश-विदेश से आई 67 प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।**



डॉ. इशिता ने बताया कि 9 से 12 अप्रैल तक चार दिन तक चले इस पेजेंट में पहले ही दिन से प्रतिभागियों की हर गतिविधि पर अंक दिए जा रहे थे। प्रतियोगिता में कुल सात राउंड आयोजित किए गए, जिनमें इंट्रोडक्शन, वायवा, एलिमेंट, पूल साइड, स्विमिंग कॉस्ट्यूम और टैलेंट राउंड शामिल थे। एलिमेंट राउंड में उन्होंने कश्मीर के ट्यूलिप गार्डन थीम पर आधारित ड्रेस पहनकर जजों का ध्यान आकर्षित किया, वहीं एक राउंड में अपने डांसिंग टैलेंट से भी सभी को प्रभावित किया। ग्रैंड फिनाले में पूछे गए सवाल "आज की महिला को सफल होने के लिए क्या नहीं करना चाहिए" के जवाब में डॉ. इशिता ने कहा कि महिलाओं को खुद के बारे में सोचने में अपराधबोध नहीं होना चाहिए और उन्हें अपने साथ रिश्ते को भी उतनी ही प्राथमिकता देनी चाहिए जितनी अन्य रिश्तों को देती हैं। उनके इस जवाब से प्रभावित होकर एक्ट्रेस मल्लिका अरोरा ने उन्हें विजेता का ताज पहनाया।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझ **सुरेश पालीवाल पिता स्व. श्री सुगनचंदजी पालीवाल, निवासी 15-डी, गोल्फ ग्रीन कॉलोनी, कनाडिया रोड, इन्दौर (म.प्र.) द्वारा श्रीमती अंजना जैन पति श्री राजेश जैन, निवासी 901, हैवेन ग्राण्ड एक्सोटिका, भिचौली मर्दाना, इन्दौर (म.प्र.)** से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का **भूखण्ड क्रमांक 49/ सी.बी. जो कि इन्दौर विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांक 140, इन्दौर (म.प्र.) यहाँ पर स्थित होकर जिसका तल भूमि का कुल क्षेत्रफल 302.40 वर्ग मीटर है,** को क्रय करने का सौदा किया होकर मेरे द्वारा उक्त सौदे पेटे बयाना राशि भी **श्रीमती अंजना जैन पति श्री राजेश जैन** को अदा कर दी गई है। यदि उक्त संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थान का किसी प्रकार का हक्क, हित, अधिकार, स्वत्व, दावा हो या किसी प्रकार का कोई भार-बोझा हो या कोई शासकीय-अशासकीय बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मय असल दस्तावेजी प्रमाण के मुझसे सम्पर्क करें अन्यथा बाद मियाद प्रस्तुत उजर या आपत्ति मुझ पर बंधनकारक नहीं होकर, सदर संपत्ति की रजिस्ट्री मेरे द्वारा अपने पक्ष में करवा ली जावेगी।

**इन्दौर,**
**दिनांक : 22 अप्रैल, 2026**

**सुरेश पालीवाल पिता स्व. श्री सुगनचंदजी पालीवाल, निवासी 15-डी, गोल्फ ग्रीन कॉलोनी, कनाडिया रोड, इन्दौर (म. प्र.)**
**(मोबाइल नं. 98260 78977)**

### किसानों से गेहूं का एक-एक दाना खरीदेगी राज्य सरकार

# माताओं-बहनों को सर्वोपरि रखने की है हमारी संस्कृति : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी संस्कृति माताओं-बहनों का सर्वोपरि रखने की रही है। बहनों को विधानसभाओं और लोकसभा में आरक्षण दिलवाने के लिए हमारी सरकार लड़ाई लड़ रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सबको साथ लेकर चलने के लिए सभी से अपील की थी, लेकिन कुछ राजनैतिक दलों को बहनों को उनका अधिकार देने में जरा भी दया नहीं आई। पहले भी बहनों के भरण पोषण के भत्ते से जुड़े सुप्रीम कोर्ट के आदेश को भी इन लोगों ने ही ठुकरा दिया था। राज्य सरकार माताओं-बहनों का सम्मान करते हुए लाड़ली बहना योजना के माध्यम से बहनों को हर महीने 1500 रुपए की सौगात दे रही है। प्रदेश के 17 जिलों में महिला कलेक्टर हैं। प्रदेश के 10 से अधिक जिलों में महिला अधिकारी एसपी हैं और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रही हैं। सागर जिले में सांसद, महापौर भी महिलाएं हैं। प्रदेश भर में प्रमुख पदों पर महिलाओं को जिम्मेदारी दी जा रही है, लेकिन कई राजनैतिक दलों को नहीं सुहाता है। माताएं-बहनें सब कुछ भूल सकती हैं, पर अपना अपमान कभी नहीं भूल सकती हैं, बहनों से यही अपील है कि मौका मिलने पर हिसाब जरूर चुकता करना है। हमारा पूर्ण संकल्प है कि आज नहीं तो कल प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में इन बहनों को विधानसभा और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण दिलवा कर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, नरयावली, सागर में विकास कार्यों के भूमि पूजन और लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संबोधन के



प्रारंभ में बुंदेल केसरी महाराजा छत्रसाल और डॉ. हरिसिंह गौर को नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कन्या पूजन तथा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरयावली में 27 करोड़ रूपए की लागत से निर्मित सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक विद्यालय नहीं, हमारी 5 हजार साल पुरानी विरासत का प्रतीक है। उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने वाले श्रीकृष्ण हमारे आदर्श हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नरयावली में 41 करोड़ 7 लाख रुपए की लागत से 36 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें विभिन्न पंचायतों में बने 12 सीसी रोड शामिल हैं। क्षेत्र की जनता को नए सामुदायिक भवनों और आंगनवाड़ी भवनों की भी सौगात मिली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा आज 17 करोड़ 39 लाख रुपए की लागत से 62 विकास कार्यों का भूमि-पूजन भी किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के किसानों को 5 रुपए में बिजली का अस्थाई कनेक्शन दिया जा रहा है। किसानों को 40 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देकर 2625 रुपए प्रति क्विंटल मूल्य पर गेहूं खरीदा जा रहा है। किसानों से किए सभी वादों को पूरा करते हुए आगामी वर्षों में 2700 रुपए से अधिक भाव पर गेहूं खरीदा जाएगा। किसान भाइयों की मेहनत से प्रदेश में इस वर्ष गेहूं उत्पादन भी बढ़ा है। अब पॉली बैग्स का विकल्प निकाला गया है। राज्य सरकार ने गेहूं का एक-एक दाना खरीदने का संकल्प लिया है। राज्य सरकार पहले छोटे और मध्यम वर्ग के किसान और उसके बाद बड़े किसानों का गेहूं खरीद रही है। केंद्र सरकार ने मध्यप्रदेश के लिए 78 लाख मैट्रिक टन गेहूं खरीद का कोटा तय किया है, लेकिन इस बार गेहूं का उत्पादन दोगुना हुआ है, इसीलिए केंद्र सरकार से गेहूं खरीद का कोटा बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री गोपाल भार्गव तथा श्री भूपेंद्र सिंह, विधायक सर्वश्री शैलेंद्र जैन, वीरेंद्र लंबरदार, बृजविहारी पटेरिया, श्रीमती निर्मला सप्रे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हीरा सिंह राजपूत, महापौर सागर श्रीमती संगीता तिवारी, श्री श्याम तिवारी, श्रीमती रानी कुशवाहा, श्री प्रभुदयाल कुशवाहा सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय जन उपस्थित थे।

# उज्जैन में राहुल गांधी का पुतला फूंका

## ● नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर भाजपा महिला मोर्चा की आक्रोश रैली



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा और युवा मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विरोधियों के खिलाफ गुरुवार देर शाम आक्रोश रैली निकाली। यह रैली छत्री चौक से गोपाल मंदिर तक निकाली गई, जिसके समापन पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। बड़ी संख्या में महिलाओं ने इस प्रदर्शन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।**

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर देशभर में राजनीतिक चर्चाएं जारी हैं। इसी क्रम में उज्जैन में भी भाजपा महिला मोर्चा के नेतृत्व में एक बड़ी आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में महिला मोर्चा के साथ भाजपा युवा मोर्चा और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए।

रैली छत्री चौक से शुरू होकर गोपाल मंदिर तक पहुंची। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के खिलाफ नारेबाजी की। महिलाएं काली पट्टी बांधे हुए और हाथों में तख्तियां लिए विरोध दर्ज करा रही थीं।

गोपाल मंदिर परिसर में रैली के समापन के बाद राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर नगर महापौर मुकेश टटवाल सहित कई भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

सभापति कलावती यादव ने अपने संबोधन में कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा को मजबूत करने वाला एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए बताया कि केंद्र सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

कलावती यादव ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव इस मुद्दे पर जनता के बीच अपनी बात रखने के लिए एक विशेष सत्र बुलाएंगे। इसके अतिरिक्त, उज्जैन नगर निगम में भी जल्द ही एक विशेष बैठक आयोजित कर निंदा प्रस्ताव पारित किया जाएगा।

# हनीमून से पहले ही 'हवा' हो जाती थी 4 पतियों वाली लुटेरी दुल्हन!

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़, एजेंसी।** प्रदेश की राजगढ़ जिले की ब्यावरा सिटी थाना पुलिस एक शातिर लुटेरी दुल्हन को गिरफ्तार किया है। जो अब तक चार शादियां कर लोगों से लाखों की ठगी कर चुकी है। हर बार ये लुटेरी दुल्हन सीधे-साधे कुंवारे लड़कों को निशाना बनाती थी और उन्हें शादी का झांसा देकर उनसे जेवरात और नकदी लूट कर शादी के चंद घंटे बाद ही फरार हो जाती थी। और हर बार पुलिस से बचने के लिए अपना नाम एवं मोबाइल सिम लगातार बदलती रहती थी।

ब्यावरा सिटी थाना पुलिस के अनुसार फरियादी रामगोपाल पिता हजारीलाल वर्मा निवासी बांकपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी





शादी नहीं होने पर उसके पिता हजारीलाल वर्मा ने गांव की ही गोकुल वर्मा से अच्छी लड़की देखने को कहा था। इसके बाद गोकुल ने अपने साढ़ू भोपाल के बैरसिया निवासी जमनालाल वर्मा के द्वारा 2 लाख रुपए देकर 23 अप्रैल को ब्यावरा शहर के अंजलि लाल मंदिर पर दुल्हन दिव्या भवनानी श्री राम गोपाल की शादी कर दी गई थी। लेकिन शादी के करीब 1 घंटे बाद ही दुल्हन दिव्या गोकुल और जमनालाल बाथरूम का बहाना कर वहां से फरार हो गए थे। जिसके बाद पुलिस ने गोकुल और जमनालाल को पूर्व में गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन करीब 1 वर्ष बाद लुटेरी दुल्हन अब पुलिस के हत्थे चढ़ी है। पुलिस ने बताया कि लुटेरी की दुल्हन के द्वारा रामगोपाल के अलावा तीन शादियां कर चुकी है। दिव्या के एक बेटा और एक बेटी भी है। हर बार नकदी और जेवरात लेकर शादी के अगले दिन फरार हो जाती थी। पुलिस ने बताया कि लुटेरी दुल्हन को पकड़ने के लिए पुलिस में करीब 15 सीडीआर निकली तो पता चला कि दिव्या नागपुर में है। लेकिन पुलिस वहां पहुंचती उससे पहले ही दिव्या शादी आकाश से करके उसे चूना लगाकर भोपाल आ चुकी थी। इसी बीच पुलिस ने उसे शादी रचाने के बाद ही भोपाल से गिरफ्तार कर लिया। लुटेरी दुल्हन हर बार पुलिस से बचने के लिए अपना नंबर और नाम बदल लेती थी।

# रीवा के मनगवां में इंदौर के भागीरथपुरा जैसा मटमैला पानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी।** रीवा जिले के मनगवां में पिछले 3-4 दिनों से लोगों के घरों में गंदा और दूषित पानी पहुंच रहा है। इंदौर के भागीरथपुरा की तरह यहां भी नलों से पीला, मटमैला और बदबूदार पानी आ रहा है, जिसमें कीचड़ जैसे कण भी मौजूद हैं। दूषित पानी के इस्तेमाल से बच्चों में पेट दर्द और उल्टी की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्वच्छ पेयजल न मिलने के कारण स्थानीय लोग मजबूरी में निजी स्रोतों से पानी खरीद रहे हैं। कई शिकायतों के बाद वर्तमान में नगर परिषद की टीम मौके पर पहुंचकर पाइपलाइन में लीकेज की जांच कर रही है। योजना के विस्तार पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री



डॉ. मोहन यादव ने बताया कि प्रदेश में अब तक 9.92 लाख से अधिक पथ-विक्रेताओं को इस योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। 15.69 लाख ऋण प्रकरणों के माध्यम से 2632 करोड़ रुपये की ऋण राशि सीधे हितग्राहियों तक पहुँचाई गई है। योजना के पुनर्गठित स्वरूप में अब 15 हजार, 25 हजार और 50 हजार रुपये की क्रमिक ऋण सहायता के साथ-साथ 30,000 रुपये की सीमा वाला यूपीआई-लिंक्ड क्रेडिट कार्ड भी प्रदान किया जा रहा है, जिससे उनकी कार्यशील पूंजी की आवश्यकताएं सुगमता से पूर्ण हो रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डिजिटल साक्षरता की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश के 7 लाख से अधिक पथ-विक्रेता डिजिटल लेन-देन अपना चुके हैं, जिन्हें 47 करोड़ रुपये से अधिक का कैशबैक प्राप्त हुआ है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि 1 लाख से कम आबादी वाले निकायों में सारणी नगर पालिका ने देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया है कि संकल्प शक्ति हो तो छोटे निकाय भी राष्ट्रीय पटल पर अपनी पहचान स्थापित कर सकते हैं।

# कंसुली में महापुरुषों की प्रतिमाएं तोड़ी

**बालाघाट, एजेंसी।** बालाघाट जिले के लांजी थाना क्षेत्र के कंसुली गांव में असामाजिक तत्वों ने महापुरुषों की प्रतिमाओं को तोड़ दिया। इस घटना के बाद अनुयायियों में आक्रोश है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह घटना बुधवार और गुरुवार की रात की बताई जा रही है। गांव के एक बालक ने सफेद गमछा लपेटे, सफेद शर्ट और हाफ लोअर पहने एक अज्ञात शख्स को प्रतिमाएं तोड़ते हुए देखा। बालक ने तुरंत ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। अज्ञात शख्स ने चबूतरे में स्थापित डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले की प्रतिमाओं को क्षतिग्रस्त किया।

## संपादकीय

### कस्टम की सख्ती और दरकते सीमावर्ती संबंध

भारत से अगर 100 नेपाली रुपये यानी 62 भारतीय रुपये से अधिक का सामान नेपाल ले जा रहे हैं तो आपको नेपाली कस्टम ड्यूटी भरनी पड़ेगी। वरना भारत-नेपाल बॉर्डर पर तैनात नेपाली आर्म्स पुलिस फोर्स (APF) के जवान आपका सामान निकाल लेंगे। इसमें भले ही आप अपने साथ केले, सेब, आटा-दाल-चावल, तेल या कोल्ड ड्रिंक समेत कुछ भी फल-सब्जी के अलावा अन्य सामान ले जा रहे हो। पिछले कुछ दिनों से नेपाली सरकार ने भारत से लगते यूपी, बिहार, बंगाल, उत्तराखंड और सिक्किम से लगते सभी बॉर्डर पर इस तरह की सख्ती बरतना शुरू कर दी है, जिसमें भारत की तरफ से नेपाल जाने वाले लोगों का सामान बॉर्डर पर ही निकलवा लिया जा रहा है। भारत-नेपाल बॉर्डर के आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भारत नेपाल सीमा पर कस्टम नियमों की सख्ती से जुड़े विडियो सामने आने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार को उन खबरों की जानकारी है। सरकार का मानना है कि नेपाल सरकार ये कदम अनौपचारिक व्यापार और तस्करी को रोकने के लिए उठा रही है। जिस तरह से नेपाल की तरफ से अचानक कस्टम नियमों का हवाला देते हुए बॉर्डर पर सख्ती करना शुरू कर दिया है। इससे आने वाले समय में भारत की तरफ से भी जांच में और गंभीरता लाई जा सकती है। फिलहाल, भारत से नेपाल प्रवेश करने वाले सभी लोगों की लाइन बनवाकर जांच की जा रही है। भारत की तरफ से नेपाल बॉर्डर पर तैनात एसएसबी सूत्रों का कहना है कि उनकी तरफ से नेपाली फोर्स को इस समस्या के बारे में बताया भी गया है।

## महिला जगत



# कौन हैं डॉ. रुपिंदर? पोलियो की मार झेलकर भी बनीं आयुर्वेदिक मेडिकल अफसर

कुछ कहानियां एक का संघर्ष तो दूसरों की प्रेरणा बन जाती हैं। ऐसी ही एक कहानी लुधियाना की रुपिंदर की है। रूपिंदर ने अपनी शारीरिक कमजोरी से हारी नहीं, बल्कि दूसरों के लिए मिसाल बन गईं। डॉ. रुपिंदर एक ऐसा नाम, जिसने पोस्ट पोलियो पैरालिसिस को अपनी पहचान नहीं बनने दिया और आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर बनकर यह साबित किया कि शारीरिक अक्षमता कमजोरी नहीं, बल्कि संघर्ष की प्रयोगशाला होती है। यह सिर्फ एक डॉक्टर की कहानी नहीं है, यह उस भारत की कहानी है जो आज भी हौसले से आगे बढ़ता है, भले रास्ता कांटों से भरा हो। आइए जानते हैं लुधियाना की डॉ. रुपिंदर के बारे में।

### पोलियो से संघर्ष की शुरुआत

डॉ. रुपिंदर बचपन में ही पोलियो की चपेट में आ गई थीं। महज चार साल की उम्र में उन्हें पोस्ट पोलियो पैरालिसस हो गया। यह वह दौर था जब बीमारी सिर्फ शरीर को नहीं, सपनों को भी जकड़ लेती थी। चलने-फिरने में कठिनाई, लगातार इलाज और समाज की दबी हुई सहानुभूति, इन सबने जीवन को आसान नहीं रहने दिया। लेकिन यहीं से उनके जीवन की दिशा तय हुई। जहां कई लोग हालात के आगे झुक जाते हैं, वहीं डॉ. रुपिंदर ने तय किया कि वे बीमारी का नहीं, ज्ञान का सहारा लेंगी। उनके कदम किसी बीमारी के कारण रुकेंगे , बल्कि वह अपने सपनों को पूरा करेंगी।

### शिक्षा को बनाया हथियार

शारीरिक सीमाओं के बावजूद रुपिंदर ने पढ़ाई जारी रखी। कठिन परिस्थितियों में स्कूल और कॉलेज की पढ़ाई कर आयुर्वेद चिकित्सा को जीवन का लक्ष्य बनाया। लोगों ने कहा, ''जो खुद छड़ी लेकर चलती है, वो इलाज क्या करेगी?'' लेकिन आयुर्वेद ने उन्हें इलाज का रास्ता दिखाया। पर आज डॉ. रुपिंदर न सिर्फ इलाज करती हैं, बल्कि अपनी ज़िंदगी को अपनी शर्त पर भी जीती हैं। ये कहानी है हिम्मत, उम्मीद और इंसानियत की जो सिखाती है कि विकलांगता बोझ नहीं, ताकत बन सकती है। आखिरकार डॉ. रुपिंदर आयुर्वेदिक मेडिकल ऑफिसर बनीं। यह नियुक्ति सिर्फ एक पद नहीं थी, बल्कि उन तमाम धारणाओं की हार थी जो विकलांगता को असमर्थता समझती हैं।

**छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं!**

# इंडियन नेवी की बड़ी तैयारी, फायरिंग के बाद क्या होने वाला है

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच जारी संघर्ष होर्मुज जलडमरूमध्य से व्यापारिक जहाजों की आवाजाही ठप होने पर अटक चुका है। एक तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रोजाना वाली अनेकों धमकियां हैं, तो दूसरी तरफ ईरानी नेवी और उसके सुरक्षा बलों का डायरेक्ट एक्शन। ऐसे में भारतीय नौ सेना के प्रमुख की ओर से होर्मुज स्ट्रेट को 'प्राइमरी एरिया' ऑफ इंटरेस्ट के तौर पर जिक्र करने के मायने काफी बदल जाते हैं।

पिछले एक-दो दिनों से ईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों को सीज करने और उसपर फायरिंग करने की कई घटनाएं सामने आई हैं। कुछ वीडियो भी देखे जा रहे हैं, जिसमें ईरानी नेवी और रिवॉल्युशनरी गार्ड के जवान छोटे-छोटे गनबोट से पीछा करके बड़े-बड़े जहाजों को कब्जे में कर रहे हैं। इन्हीं सबके बीच इंडियन नेवी ने अपनी समुद्री सुरक्षा रणनीति (maritime security strategy) सार्वजनिक की है, जिसमें होर्मुज को काफी प्राथमिकता दी गई है।

इंडियन नेवी चीफ एडमिरल डीके त्रिपाठी ने हाल ही में भारत की समुद्री सुरक्षा रणनीति जारी की है। इस रणनीति में फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी को जोड़ने वाले होर्मुज स्ट्रेट को भारतीय नौ सेना के लिए दुनिया के अन्य महत्वपूर्ण चोक प्वाइंट में से 'प्राइमरी एरिया' ऑफ इंटरेस्ट बताया गया है। मतलब, भारतीय नौ सेना होर्मुज में होने वाली हर रणनीतिक और जियोपॉलिटिकल गतिविधियों को लेकर पूरी तरह से सतर्क है।

### दो भारतीय जहाजों को फायरिंग के बाद लौटाया

पिछले शनिवार (18 अप्रैल,2026) को होर्मुज जलडमरूमध्य से निकलने की कोशिश के दौरान दो भारतीय जहाजों को ईरानी सुरक्षा बलों ने फायरिंग करके आगाह किया था, जिसके बाद उन्हें वापस फारस की खाड़ी में लौटना पड़ा।

विदेश मंत्रालय की ओर से दी गई सूचना के अनुसार उसके बाद से कोई भी भारतीय जहाज वहां से नहीं निकल पाया है।

### फारस की खाड़ी में 14 भारतीय जहाज मौजूद

फारस की खाड़ी में अभी भी 13 भारतीय और 1 भारतीय स्वामित्व वाला अन्य देश के झंडे वाले जहाज फंसे हुए हैं। भारतीय जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भारतीय नौ सेना के 7 जहाज होर्मुज के आसपास लंगर डालकर खड़े हैं। अभी तक ईरान की सहमति से 10 भारतीय जहाज सुरक्षित रूप से होर्मुज पार कर चुके हैं। इन सभी भारतीय जहाजों को इंडियन नेवी के जहाज ही एस्कॉर्ट करके भारतीय समुद्री सीमा तक लेकर आए हैं।

### होर्मुज स्ट्रेट में ईरानी सुरक्षा बलों की बढ़ी सख्ती

1. बुधवार (22 अप्रैल,2026) को ईरानी रिवॉल्यूशनरी गार्ड (IRGC) ने दो विदेशी जहाजों को जबरन अपने कब्जे में ले लिया था।
2. इनमें से एक जहाज पर एक भारतीय नाविक भी सवार है, जिसे सुरक्षित बताया गया है।
3. लेकिन, यूफोरिया नाम के एक और जहाज पर ईरान की ओर से फायरिंग की जानकारी है, जिसपर 21 भारतीय क्रू के होने की रिपोर्ट है।
4. जहाजरानी मंत्रालय के अनुसार आईआरजीसी ने तीन जहाजों पर फायरिंग की, जिसमें 22 भारतीय नाविक सवार थे। इन सभी को सुरक्षित बताया गया है।

Uttarpradesh

# राहत: श्रमिकों के पीएफ, ग्रेच्युटी और बोनस में होगी वृद्धि, मई में लागू होंगे नए श्रम कानून

**लखनऊ, (एजेंसी)** श्रम कानूनों को सरल बनाकर श्रमिकों के काम के घंटे, वेतन, पीएफ और ग्रेच्युटी में बदलाव होगा। श्रमिकों को न्यूनतम सुरक्षा भी मिलेगी। इसके लिए प्रदेश सरकार ने चार नई श्रम संहिताओं के क्रियान्वयन की प्रक्रिया तेज कर दी है। राज्य स्तर पर नियमों का मसौदा अधिसूचित कर हितधारकों से सुझाव और आपत्तियां लेने के लिए इसे सार्वजनिक डोमेन में रखा गया है। मिले सुझावों के आधार पर अंतिम नियमों को मई में अधिसूचित किया जाएगा। नई श्रम व्यवस्था के तहत 29 पुराने और जटिल श्रम कानूनों को समाप्त कर चार संहिताओं वेतन संहिता 2019, औद्योगिक




संबंध संहिता 2020, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशाएं संहिता 2020 और सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 में समाहित किया गया है। इसके तहत सबसे बड़ा बदलाव वेतन की परिभाषा में किया गया है। कर्मचारी के कुल वेतन (सीटीसी) का कम से कम 50 फीसदी हिस्सा मूल वेतन माना जाएगा। इससे पीएफ, ग्रेच्युटी और बोनस जैसी देनदारियों में बढ़ोतरी होगी। इसके अलावा अब प्रबंधकीय और सुपरवाइजरी कर्मचारी भी कानूनी सुरक्षा के दायरे में आएंगे, जबकि ठेका श्रमिकों की जिम्मेदारी भी प्रमुख नियोक्ता पर तय की गई है। प्रदेश में नई श्रम व्यवस्था के तहत 29 पुराने और जटिल श्रम कानूनों को समाप्त कर चार संहिताओं में समाहित किया गया है।

New Delhi

## बंगाल में आप सत्ता का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं; चुनाव आयोग पर क्यों भड़का कलकत्ता HC



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी है। गुरुवार को पहले चरण का मतदान रिकॉर्ड वोटिंग के साथ संपन्न हुआ। इस बीच कलकत्ता हाईकोर्ट से एक खबर सामने आ रही है जो कि चुनाव आयोग की चिंता बढ़ा सकती है। हाईकोर्ट ने वोटिंग के दिन मोटरसाइकिलों पर लगाई गई पाबंदियों को लेकर चुनाव आयोग पर कड़ी टिप्पणी की है। गुरुवार को जस्टिस कृष्णा राव ने आयोग से कहा, 'आप अपनी सत्ता का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। इस तरह से नागरिकों को परेशान किया जा रहा है।'

जज की इन टिप्पणियों के बाद चुनाव आयोग शुक्रवार यानी आज कोर्ट में एक हलफनामा पेश करेगा। इस हलफनामे में आयोग चुनाव से दो दिन पहले ये पाबंदियां लगाने के पीछे का कारण बताएगा। आयोग कोर्ट को उन पिछली घटनाओं के बारे में भी बता सकता है जिनमें मोटरसाइकिलों का गलत इस्तेमाल हुआ था।

गुरुवार को जस्टिस राव ने आयोग से आगे कहा, 'आम नागरिकों के अधिकारों को इस तरह से कम नहीं किया जा सकता है। अगर यही तर्क है तो आपको कारों पर भी रोक लगा देनी चाहिए। आखिर लोग कारों का इस्तेमाल बम और बंदूकें ले जाने और दंगा भड़काने के लिए भी तो कर सकते हैं!' उन्होंने आगे कहा, 'कोर्ट को दिखाएं कि पिछले पांच सालों में ऐसी कितनी घटनाएं हुई हैं जिनमें मोटरसाइकिल पर सवार गुटों ने हिंसा भड़काई हो? यह एक बहुत बड़ा कदम है।

Chhattisgarh

## इलाज के बहाने निर्मल बाबा ने महिला से रेप किया

**जांजगीर-चांपा, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में एक ढोंगी बाबा ने महिला से रेप किया है। महिला को शरीर में दर्द की परेशानी थी, इस समस्या के इलाज के लिए वह निर्मल बाबा (60) के पास गई थी। बाबा ने उसे चमत्कार से पूरा ठीक करने का झांसा दिया और प्रसाद खिलाया। भरोसे में लेकर बाबा ने उसे मैहर बुलाया, जहां एक होटल में ले जाकर उसने महिला से दुष्कर्म किया और कुछ न्यूड फोटो खींच लिए। जब पीड़िता ने विरोध किया तो बाबा ने इंस्टाग्राम पर अश्लील फोटो वायरल कर दिए। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने आरोपी को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी महाराष्ट्र के नासिक का रहने वाला है। पीड़िता ने 11 अप्रैल 2026 को पामगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने बताया कि चैत्र नवरात्रि के दौरान निर्मल बाबा पामगढ़ क्षेत्र में पदयात्रा करते हुए आया था। वह खुद को चमत्कारी बताकर लोगों की समस्याएं दूर करने का दावा कर रहा था। पीड़िता को शरीर में दर्द की परेशानी थी। वह अपनी सहेली के साथ बाबा से इलाज के लिए मिलने पहुंची, जहां बाबा ने उसका हाथ देखकर सब ठीक होने का झांसा दिया और मोबाइल नंबर ले लिया।

Uttarpradesh

## यूपी ATS ने तुषार चौहान और समीर खान को किया अरेस्ट, पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के संपर्क में थे दोनों, 'टारगेट किलिंग' को देना था अंजाम

लखनऊ. उत्तर प्रदेश एटीएस ने नोएडा में एक बड़े ऑपरेशन के दौरान बागपत निवासी तुषार चौहान उर्फ हिजबुल्लाह और दिल्ली के समीर खान को हिरासत में लिया है. इन दोनों युवकों को पाकिस्तानी हैंडलर्स और गैंगस्टर शहजाद भट्टी ने सोशल मीडिया के जरिए कट्टरपंथी बनाया था. गुरुवार को हुई इस गिरफ्तारी का मुख्य उद्देश्य राज्य में सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ना और प्रभावशाली लोगों की हत्या करना था. आरोपियों ने पैसों के लालच में आकर संवेदनशील स्थानों की रेकी शुरू कर दी थी. पुलिस ने इनके पास से पिस्टल, कारतूस और चाकू बरामद कर गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (UAPA) के तहत मामला दर्ज किया है.



एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश के मुताबिक, पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी और आबिद जट इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए भारतीय युवाओं को निशाना बना रहे थे. तुषार चौहान ने भट्टी का भरोसा जीतने के लिए कई आईडी बनाईं और सीधे संपर्क स्थापित किया.

खेल

# चेन्नई की मुंबई के खिलाफ सबसे बड़ी जीत, 104 रनों पर सिमटी मेजबान टीम

**मुंबई, (एजेंसी) संजू सैमसन की तूफानी शतकीय पारी के बाद अकील होसेन की अगुवाई में गेंदबाजों के घातक प्रदर्शन के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने मुंबई इंडियंस को 103 रनों से हरा दिया। गुरुवार को वानखेड़े में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई ने 20 ओवर में छह विकेट पर 207 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 19 ओवर में 104 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई।**

चेन्नई की टीम आईपीएल में मुंबई के खिलाफ सबसे ज्यादा जीत दर्ज करने वाली टीम बन गई। दोनों टीमों के बीच खेले गए 40 मैचों में चेन्नई की यह 19वीं जीत है। इस मामले में दूसरे स्थान पर पंजाब किंग्स है, जिसने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 18 बार जीत दर्ज की है। तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर



क्रमशः दिल्ली कैपिटल्स (17), आरसीबी (16) और राजस्थान रॉयल्स (15) मौजूद हैं।

इसके अलावा यह चेन्नई की रनों के अंतर से आईपीएल में मुंबई इंडियंस के खिलाफ और ओवरऑल सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले टीम ने 2015 में किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) को 97 रनों से चेपॉक में हराया था। वहीं, रनों के अंतर से यह मुंबई इंडियंस की सबसे बड़ी हार है। इससे पहले टीम ने 2013 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 87 रनों से गंवाया था। वानखेड़े में यह मुंबई की सबसे बड़ी हार भी है। इससे पहले इस मैदान पर आरसीबी के खिलाफ मुंबई 39 रनों से हारी थी।

इस मुकाबले के बाद अंक तालिका में भी बड़ा बदलाव हुआ है। चेन्नई की टीम पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। सात में से तीन मुकाबले जीत चुकी चेन्नई के खाते में छह अंक हो गए हैं और उनका नेट रन रेट +0.118 हो गया है। वहीं, मुंबई की टीम आठवें पायदान पर है। सात में से पांच मैच हार चुकी मुंबई का नेट रन रेट -0.736 हो गया। शीर्ष पर पंजाब किंग्स है।

208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही। दानिश मालेवार बिना खाता खोले पवेलियन लौटे। वहीं, नमन धीर को भी अकील हुसैन ने जीरो पर आउट किया। क्विंटन डी कॉक भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और महज 7 रन बनाकर मुकेश चौधरी का शिकार बने। 11 रनों के स्कोर पर 3 विकेट गिरने के बाद सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने टीम की लड़खड़ाती हुई पारी को संभाला। दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 73 रनों की साझेदारी निभाई।

तिलक 29 गेंदों में 5 चौकों की मदद से 37 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, सूर्यकुमार 30 गेंदों में 36 रन बनाकर अकील हुसैन का शिकार बने। कप्तान हार्दिक पंड्या का निराशाजनक प्रदर्शन इस मुकाबले में भी जारी रहा, और वह सिर्फ एक रन ही बना सके। शेरफेन रदरफोर्ड पहली ही गेंद पर नूर अहमद की बॉल पर अंशुल कंबोज को कैच देकर पवेलियन लौटे। कृष भगत 15 गेंदों का सामना करने के बाद 7 रन ही बना सके। जसप्रीत बुमराह 2 रन बनाकर आउट हुए।

सिनेमा

## ओम पुरी ने मेरी बहन के साथ बेवफाई की, उसकी जिंदगी बर्बाद की; सीमा को मिले धोखे पर भड़के अन्नू कपूर



सीमा कपूर कुछ वक्त पहले ओम पुरी के साथ अपने रिश्ते पर काफी कुछ बोल चुकी हैं। अब उनके भाई अन्नू कपूर ने भी पुरानी बातें याद कीं। अन्नू एक पॉडकास्ट में थे और उन्होंने ओम पुरी की एक्टिंग की तारीफ की। साथ में यह भी कहा कि एक पति के तौर पर उन्होंने ठीक नहीं किया। उनकी बहन सीमा की जिंदगी बर्बाद हो गई। बता दें कि शादीशुदा ओम पुरी की नजदीकियां नंदिता पुरी से बढ़ गई थीं। इसके बाद सीमा से उनका रिश्ता टूट गया था। हालांकि आखिरी वक्त पर बीमारी में वह फिर सीमा के पास आने लगे थे। अन्नू कपूर सिद्धार्थ कन्नन के पॉडकास्ट में थे। उन्होंने ओम पुरी की तारीफ की और कहा, 'ओम पुरी बहुत अच्छे एक्टर थे। उनके जैसा महान एक्टर कोई नहीं है पर वो मामला अलग था। वह किसी के पति बन गए और पति बनने के बाद उन्होंने एक महिला को धोखा दिया। वहीं चीजें गलत हो गईं और इत्तेफाक से उस स्त्री का मैं भाई हूं सर।' अन्नू आगे बोलते हैं, 'वह 10 साल पहले ही चले गए होते अगर मेरी बहन ने उनकी देखभाल ना की होती। जब आपका शरीर शिथिल हो चुका, जर्जर हो चुका तब आप वापस लौटकर आ रहे हैं। मैं उसके ऊपर भी क्रोधित था। बहुत-बहुत अपसेट था। आज ओमपुरी साहब नहीं हैं।

## Highlights

1. **Narcotics Control Bureau issues advisory for Indians travelling to Maldives**
2. **Iran shares 'reduce the random 'bakwaas'' post for Trump over 'hellhole' remark for India**
3. **India and New Zealand to sign Free Trade Agreement next week**
4. **Court hearings used as tool in campaigning: TMC on I-PAC case**
5. **We seek time to reply within 1 week: Congress on EC's 24-hr notice to Kharge**

# E85 adoption to be optional for consumers, rollout by year end

**NEW DEIHI, (Agency).** The government is likely to roll out E85, a much higher ethanol-blended petrol, by the year-end to reduce costly oil imports, after a series of consultations with Indian automobile manufacturers who told authorities they are fully equipped with thetechnologies required to make flex-fuel cars. Two people aware of the matter said the rollout follows confirmation from automakers that they can produce vehicles capable of running on elevated ethanol blends.

E85 petrol contains 85% ethanol and 15% petrol. Flex-fuel vehicles are designed to run on any mixture of ethanol and petrol — from E20 to E100 — with onboard sensors adjusting fuel injection and ignition parameters automatically.

Consumers will have a choice of what cars they buy according to the level of blended fuel they prefer, as India aims to put in place a biofuels policy that will provide for multiple petrol mixes at petrol stations, one of the two people said.



In other words, such fuel will be sold alongside existing petrol with lower ethanol blending. At present, India has E20 (20% ethanol blend) petrol across the country.

The Bureau of Indian Standards, the national quality regulator, has already prepared norms for E85 petrol. Blenders and refiners will have to comply with these specifications. The bureau is also targeting the release of standards for E22, E25 and E26 by April 30, meant for petrol with 22%, 25% and 26% ethanol content respectively.

Brazil, the world's largest sugar producer, launched the world's most mature flex-fuel programme in 2003; a large share of new cars sold there are flex-fuel capable, running on blends up to E100, with lifecycle carbon reductions of up to 90% over fossil petrol. Ethanol is derived from molasses, a byproduct of sugar refining. India is the world's second-largest producer of the sweetener.

# As countries ban social media for kids, Meta makes a direct pitch to parents

**NEW DEIHI, (Agency).** Even as Turkey joins the list of countries that intend to ban social media access for children and teens, Meta which finds itself impacted the most, is again trying to convince parents that its Teen Accounts proposition is safe. Turkish lawmakers, this week, have passed a bill that includes restricting social media access to children under the age of 15 years, marking continuity for a global trend to protect children from often dangerous activity on these platforms. Turkish President Recep Tayyip Erdogan now has 15 days to accept the bill, after which it becomes a law.



The bill will mandate social media platforms including Meta's Facebook, Threads and Instagram, as well as other social media companies including X, Pinterest, TikTok, YouTube, Twitch, Kick, Reddit, band Snapchat, to put in place age-verification systems and extensive parental controls. Governments also expect social media companies to respond and take down content they deem harmful for children, and the wider societal fabric. The addition of artificial intelligence (AI) chat features within these apps, adds another layer of possibly dangerous complexity. "We are living in a period where some digital sharing applications are corrupting our children's minds and social media platforms have, to put it bluntly, become cesspools," Erdogan minced no words in a televised address in Turkey, this week, ahead of the bill being passed by lawmakers.

# कारगिल से कन्या कुमारी तक दौड़ेंगे इंदौर के धावक कार्तिक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर के अल्ट्रा रनर कार्तिक जोशी एक और रिकॉर्ड बनाने की तैयारी कर रहे हैं। वे कारगिल से कन्याकुमारी तक 4200 किलोमीटर की यात्रा दौड़कर पूरी करेंगे। कार्तिक 50 दिनों तक हर दिन 84 किलोमीटर दौड़कर अपने लक्ष्य को पूरा करेंगे। 28 अप्रैल से वे अपनी दौड़ शुरू करेंगे। इसके लिए कार्तिक इंदौर से कारगिल के लिए रवाना हो चुके हैं। वे 50 दिनों तक रोज करीब 84 किलोमीटर दौड़ते हुए कुल 4200 किलोमीटर की दूरी तय कर कारगिल से कन्याकुमारी तक जून माह के अंत तक पहुँचेंगे। यह कारनामा करने वाले वे सबसे कम उम्र के भारतीय धावकों में से एक होंगे। कार्तिक को इस दौड़ को पूरा करने के लिए अलग-अलग मौसमों का भी सामना करना होगा। कारगिल के बर्फीले इलाकों से दौड़ शुरू करेंगे, लेकिन कन्याकुमारी तक आते-आते उन्हें कई गर्म इलाकों से भी गुजरना होगा। पहाड़ी रास्तों, मैदानी सड़कों और समुद्री इलाकों के बीच से दौड़कर कार्तिक अपनी यात्रा पूरी करेंगे।



कारगिल से श्रीनगर के बीच धावक को जोजिला दर्रा पार करना होगा, जिसकी ऊँचाई करीब 11,600 फीट है। इस हिस्से में ऑक्सीजन कम होती है, तेज ठंडी हवाएँ चलती हैं और पहाड़ों की सीधी चढ़ाई इस दौड़ को बेहद मुश्किल बना देती है। पूरी 4200 किलोमीटर की दौड़ में कार्तिक को सैकड़ों मीटर तक की चढ़ाई झेलनी पड़ेगी, जो लगभग 45–55 किलोमीटर सीधे पहाड़ चढ़ने जितनी कठिन है। इसकी तैयारी वे पिछले तीन महीनों से कर रहे थे। यह दौड़ सात राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों से होकर गुजरेगी। रास्ते में 37 बड़े शहर और 900 से ज़्यादा गाँव आएँगे। कार्तिक जोशी अब तक 18 राज्यों में 141 से ज़्यादा मैराथन और अल्ट्रा मैराथन दौड़ चुके हैं और कई मेडल अपने नाम कर चुके हैं।

## जानापाव पहाड़ी पर लगी भीषण आग

● सूखी झाड़ियों में तेजी से फैली लपटें



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। महू के समीप स्थित ऐतिहासिक जानापाव की पहाड़ी पर गुरुवार रात करीब 7:30 बजे भीषण आग लग गई। सूखी झाड़ियों के कारण आग ने तेजी से विकराल रूप ले लिया, जिससे पूरे पहाड़ी क्षेत्र में धुएं का गुबार छा गया। सूचना मिलते ही वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। रेंजर आरएस चौहान के अनुसार, पहाड़ी क्षेत्र और दुर्गम रास्ता होने के कारण दमकल उपकरणों को ले जाने में कठिनाई हो रही है। सूखी झाड़ियों और घास की अधिकता से आग तेजी से फैल रही है। वन विभाग के कर्मचारी मैन्युअल तरीके और अन्य संसाधनों से लपटों को रोकने की कोशिश कर रहे हैं ताकि आग रिहायशी इलाकों की ओर न बढ़े। फिलहाल आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। वन विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद हैं और स्थिति पर निरंतर नजर बनाए हुए हैं। प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से स्थानीय लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। आग पूरी तरह बुझने के बाद ही वन संपदा को हुए नुकसान का सही आकलन हो सकेगा।

## हिंदूवादियों ने मवेशियों से भरी गाड़ी पकड़ी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। तिलक नगर इलाके में बुधवार को मवेशियों से भरी एक लोडिंग गाड़ी को रोककर तीन लोगों को पुलिस के हवाले किया गया। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, स्थानीय लोगों ने हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि एक लोडिंग वाहन में अवैध रूप से मवेशियों को भरकर ले जाया जा रहा है।इसके बाद उन्होंने वाहन का पीछा कर उसे रोका। जांच करने पर गाड़ी के अंदर बड़ी संख्या में मवेशी भरे मिले। गाड़ी रोकने के बाद ड्राइवर और उसके साथियों से मवेशियों के परिवहन से जुड़े दस्तावेज और बिल मांगे गए, लेकिन वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। इसके बाद तीनों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता वीरेन्द्र सक्सेना की सूचना पर पवन (निवासी बड़ी ग्वालटोली), राज (निवासी कनाड़िया) और चेतन के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि ये तीनों गाड़ी में अवैध रूप से मवेशियों का परिवहन कर रहे थे। सूत्रों के अनुसार, आरोपियों के पास मवेशियों का कोई वैध बिल या मेडिकल दस्तावेज नहीं मिला। पूछताछ में भी वे स्पष्ट जवाब नहीं दे पाए। कार्रवाई के बाद सभी मवेशियों को नगर निगम के कांजी हाउस (कोदवाड़ा विभाग) को सौंप दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....

व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....

कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!

ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए

"डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...

गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें।

समाज में जागरुकता फैलाये।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP

Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक